धनतेरस और दिवाली

के शुभ अवसर पर विशेष रिपोर्ट

smc
Moneywise. Be wise.

Moneywise. Be wise.

धनतेरस और दिवाली के उत्सव ऐसे शुभ अवसर हैं जिन्हें हमारे जीवन में समृद्धि लाने के लिए जाना जाता है। एसएमसी कमोडिटी रिसर्च टीम इस अवसर पर विशेष रिपोर्ट जारी कर रही है जिससे पता चलेगा कि कई तरह के भू-राजनीतिक मुद्दों के बीच धीमेपन और सभी बाधाओं के बावजूद कुछ कमोडिटीज से अच्छा रिटर्न मिला है। हमने पिछली दिवाली से 29 अक्टूबर तक कमोडिटीज से होने वाले रिटर्न की गणना की है। नीचे दी गई तालिका से पता चलता है कि इस अवधि में किसी विशेष कटेगरी का प्रदर्शन कैसा रहा।

कमोडिटीज से वर्ष-दर-वर्ष दिवाली रिटर्न				
कमोडिटी	14 नवम्बर 2020	29 अक्टूबर 2021	कुल बदलाव	% बदलाव
बुलियन				
सोना	49748.00	47813.00	-1935.00	-4%
चांदी	60854.00	64990.00	4136.00	7%
एनर्जी				
कच्चा तेल	3001.00	6360.00	3359.00	112%
नेचुरल गैस	212.80	453.00	240.20	113%
बेस मेटल				
एल्युमीनियम	155.45	229.50	74.05	48%
तांबा	534.80	759.00	224.20	41.92%
लेड	150.40	187.45	37.05	25%
निकल	1180.10	1565.20	385.10	33%
जिंक	209.85	283.00	73.15	35%

स्रोत: रॉयटर्स और एसएमसी रिसर्च



स्रोत: रॉयटर्स और एसएमसी रिसर्च

वर्ष 2021 में कमोडिटी और इक्विटी बाजारों में कुल मिलाकर जोरदार तेजी रही लेकिन बुलियन काउंटर ऊर्जा और बेस मेटल काउंटरों की तुलना में पिछड़ गया है क्योंकि सुरक्षित निवेश के रूप में बुलियन काउंटर की मांग कम हुई है। अर्थव्यवस्था में अधिक लिक्वीडिटी, टीकाकरण अभियान, अर्थव्यवस्थाओं को फिर से खोलने, प्रोत्साहनों में कमी की अटकलें और उम्मीद से पहले दर वृद्धि की संभावना ने बिकवाली के दबाव को बढ़ावा किया। इसने अधिक मुद्रास्फीति और कोविड मामलों में बढ़ोतरी की चिंता को नजरअंदाज कर दिया। क्रिप्टो करेंसी ने इस काउंटर की चमक कुछ हद तक कम कर दी है। इक्विटी बाजार में उत्साह के बीच सोने में गिरावट का एक प्रमुख कारण ईटीएफ की होल्डिंग में कमी है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि 2020 में ईटीएफ की मांग ने सोने की कीमतों को जबरदस्त उछाल प्रदान किया था। लेकिन कुछ केंद्रीय बैंकों ने 2021 के अंतिम महीनों में सोना जमा किया और कम कीमतों के कारण सोने की मांग में बढ़ोतरी हुई। पिछली दिवाली से 30 अक्टूबर तक सोने ने लगभग 4% नकारात्मक रिटर्न के साथ अपनी चमक खो दी। लेकिन चांदी ने बढ़त के साथ अपनी चमक बरकरार रखी।

सोने के निवेशकों को यह ध्यान रखना चाहिए कि अगर निवेश 9-10 साल की अवधि के लिए है तो कीमती धातु कम से कम 9-10 फीसदी सालाना मुनाफा प्रदान करती है। इसलिए लंबी अवधि में सोने के लिए आउटलुक सकारात्मक बना हुआ है। खरीदारी शुरू कर देनी चाहिए क्योंकि पिछली दिवाली से आज तक कीमतों में गिरावट के बाद सोने में रिकवरी होने की उम्मीद है। सोने के निवेशक सोने के ईटीएफ, सोना बॉन्ड आदि जैसे सोने के अन्य विकल्पों पर भी विचार कर सकते हैं क्योंकि यह उन्हें कुछ

अतिरिक्त सुविधाएं प्रदान करता है जैसे सुरक्षा से मुक्ति, आदि।

इस साल अक्टूबर की शुरुआत के बाद से सोने की कीमत 3% से अधिक बढ़ गई है, जबकि चांदी की कीमतों में अधिक बढ़ोतरी हुई है। फिर भी सोना सुरक्षित निवेश की मांग को आकर्षित करने के लिए संघर्ष कर रहा है क्योंकि इक्विटी बाजार रिकॉर्ड ऊंचाई की ओर बढ़ता जा रहा है। लेकिन कमजोर सेंटीमेंट, चांदी/सोने के अनुपात में बढ़ोतरी और अधिकांश खनन कंपनियों द्वारा एनएवी पर छूट के साथ कारोबार से पता चलता है कि सबसे खराब दौर पीछे छूट गया है, और बेहतर दिन आने वाले हैं। सोने की कीमतों में तेजी जारी रह सकती है क्योंकि इसकी संभावना नहीं है कि फेडरल रिजर्व जल्द ही मुद्रास्फीति को नियंत्रण में लाने में सक्षम होगा। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अधिकारियों ने हाल ही में कहा था कि केंद्रीय बैंक को अपने प्रोत्साहन उपायों को बंद करना शुरू कर देना चाहिए, लेकिन ब्याज दरों में बढ़ोतरी के लिए यह बहुत जल्दबाजी होगी। अमेरिकी ट्रेजरी सचिव जेनेट येलेन ने कारोबारियों को आश्वस्त करने की कोशिश की है कि अमेरिका मुद्रास्फीति पर नियंत्रण खोने वाला नहीं है, अधिक मूल्य दबाव 2022 के मध्य तक बना रहेगा। इसलिए बढ़ती मुद्रास्फीति की उम्मीदों और धीमे विकास की आशंका से आने वाले महीनों में सोने की कीमतों को समर्थन मिल सकता है। डॉलर के लिए निकट अवधि का रुझान अभी भी बहुत विपरीत है जो सोने की कीमतों के लिए सहायक है। बाजार में जोखिम अधिक है और इससे सोना लाभान्वित हो सकता है, साथ ही मुद्रास्फीति और वैश्विक अर्थव्यवस्था के धीमा होने के बारे में चिंताएं भी हैं।

टेक्निकल अनुमान

सोना (एमसीएक्स)

छोटी अवधि का आउटलुक

एमसीएक्स में सोना लोअर टॉप और लोअर बॉटम के गठन के साथ छोटी अवधि में नरमी के रूझान के साथ कारोबार कर रहा है। छोटी अवधि में 43320 का लोअर बॉटम तेजी के लिए महत्वपूर्ण बना हुआ है और कीमतें इसके नीचे नहीं टूट सकती हैं। दूसरी ओर 200 दिनों का एसएमए 47122 पर है, और प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर में मजबूती को देखते हुए कीमतों के अल्पावधि में इस स्तर पर पहुंचने की संभावना है। दैनिक चार्ट पर, इसने गोल्डन क्रॉस का रूप ले लिया है। इस गठन के आधार पर हम कुछ गिरावट के बाद ऊपर की ओर गति देख सकते हैं।

एमसीएक्स पर, कीमतों को 45400 के आसपास समर्थन मिलने की संभावना है। इस सपोर्ट स्तर छोटी अवधि में फिर से उछाल देखा जा सकता है जो कीमतों को अगले 1-3 महीनों में 49500-49800 रू तक ले जा सकता है।

लंबी अवधि का आउटलुक

एमसीएक्स पर सोने की कीमतें 43500-48500 के व्यापक दायरे में कारोबार कर रही हैं। लेकिन मौजूदा फॉर्मेशन से पता चलता है कि कीमतें 48500 के करीब रेजिस्टेंस ले सकती हैं, जहां से 45400 तक की गिरावट फिर से देखी जा सकती है। साप्ताहिक चार्ट के आधार पर, छोटी अवधि में गिरावट के बाद कीमतों में उछाल देखने को मिल सकता है। ऊपर की ओर 49700 का स्तर मंदडियों के लिए एक अहम स्तर है जिसे पार करने और 49700 से ऊपर बने रहने पर छोटी अवधि में तेजी का रूझान रह सकता है और यह तेजी 51800 से 52300 तक ले जा सकती है।

चांदी

छोटी अवधि का आउटलुक

एमसीएक्स में दैनिक चार्ट पर चांदी कमजोर दिख रही है क्योंकि कीमतों को 200 दिन एसएमए के आसपास रेजिस्टेंस का सामना करना पड़ रहा है। चार्ट के अनुसार इसकी कीमतों में गिरावट हो सकती है और कीमतें 62500 के अपने सपोर्ट स्तर तक लुढ़क सकती है । वहां से हम कीमतों में उछाल देख सकते हैं यदि कीमतें 62500 से ऊपर बनी रहती हैं, और ऊपर की तरफ इसे 66800 के पास रेजिस्टेंस का सामना करना पड़ सकता है। इससे पता चलता है कि यदि कीमतें टूटती हैं और 62500 से नीचे बनी रहती हैं। तब हम अधिक गिरावट देख सकते हैं और जो कीमतों में 61200 तक गिरावट हो सकती है।

एमसीएक्स पर, चांदी की कीमतों में बढ़ोतरी को 66800 के पास रेजिस्टेंस का सामना करना पड़ सकता है और छोटी अवधि में गिरावट होने पर 62500 के पास फिर से 1-3 महीने के लिए खरीदारी की जा सकती है।

लंबी अवधि का आउटलुक

एमसीएक्स में चांदी की कीमतो में गिरावट 58000 तक सीमित रहेगी। निचले स्तर पर कीमतों में काफी लंबे समय तक स्थिरता को देखते हुए यह पता चलता है कि यह निचले स्तर से ऊपर जाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन निचले स्तर से ऊपर जाने के लिए मजबूती दर्ज करने में लंबा समय लगेगा। इसलिए लंबी अवधि में बढ़त के लिए इस कमोडिटी की कीमतों में गिरावट पर खरीददारी का सुझाव है। साप्ताहिक चार्ट पर कीमतों को 58000 पर अहम सपोर्ट है जबकि ऊपर की ओर इसमें 72000/74000 तक बढ़ने की गुंजाइश हो सकती है।

Moneywise. Be wise.

आप इस रिपोर्ट को हमारी वेबसाइट पर भी देख सकते हैं- www.smctradeonline.com

Moneywise. Be wise.

Corporate Office:
11/6B, Shanti Chamber,
Pusa Road, New Delhi - 110005
Tel: +91-11-30111000
www.smcindiaonline.com

Mumbai Office:
Lotus Corporate Park, A Wing 401 / 402 ,
4th Floor, Graham Firth Steel Compound,
Off Western Express Highway, Jay Coach
Signal, Goregaon (East) Mumbai - 400063
Tel: 91-22-67341600,
Fax: 91-22-67341697

Kolkata Office:
18, Rabindra Sarani, Poddar Court, Gate
No-4, 5th Floor, Kolkata-700001
Tel.: 033 6612 7000/033 4058 7000
Fax: 033 6612 7004/033 4058 7004

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड (जिसे एसएमसी कहा जाता है) का नियमन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा किया जाता है और इसे ब्रोकिंग व्यवसाय, डिपॉजिटरी सेवायें और संबंधित सेवायें करने का लाइसेंस प्राप्त है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, एमएसईआई(मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड) का रजिस्टर्ड सदस्य है और एम/एस एसएमसी कॉमट्रेड नेशनल कमोडिटी एवं डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया और भारत के अन्य कमोडिटी एक्सचेंजों का रजिस्टर्ड सदस्य है। इसकी सहयोगी एमसीएक्स स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की सदस्य हैं। एसएमसी सीडीएसएल(CDSL) और एनएसडीएल(NSDL)के साथ डिपॉजिटरी भागीदार के रूप में भी रजिस्टर्ड है । एसएमसी के अन्य एसोसिएट सेबी और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मर्चेंट बैंकर, पोर्टफोलियो मैनेजर के रूप में रजिस्टर्ड है। यह म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में एएमएफआई(AMFI) में भी रजिस्टर्ड है ।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड सेबी (रिसर्च एनॉलिस्ट)रेगुलेशन 2014 के तहत रिसर्च एनॉलिस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन संख्या INH100001849 के साथ रजिस्टर्ड संस्था है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड या इसके सहयोगियों को सेबी द्वारा अन्य किसी रेगुलेटरी एथॉरिटी द्वारा सिक्योरिटीज मार्केट/कमोडिटी मार्केट में कारोबार के लिए प्रतिबंधित/निलंबित नही किया गया है। रिपोर्ट में रिसर्च एनॉलिस्टों द्वारा व्यक्त की गई राय केवल सार्वजनिक रूप से प्राप्त सूचनाओं/इंटरनेट आंकड़ों/अन्य विश्वसनीय स्रोतों, जिन्हे सत्य माना जाना जाता है, पर आधारित है। एसएमसी रिपोर्ट में व्यक्त राय या सामग्री की शुद्धता को लेकर कोई आश्वासन नही देता है और निवेशकों को सलाह दी जाती है कि निवेश के लिए कोई भी निर्णय करने से पहले बाजार की परिस्थितियों/जोखिमों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करें । रिसर्च एनॉलिस्ट, जिन्होने इस रिपोर्ट को तैयार किया है, एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि इस रिपोर्ट में विशेष कमोडिटी के संदर्भ में व्यक्त किया गया विचार/राय उनके निजी स्वतंत्र विचार/राय है।

डिसक्लेमर: यह रिसर्च रिपोर्ट अधिकृत प्राप्तकर्त्ता की व्यक्तिगत सूचना के लिए है और इसका निवेशक के किसी निवेश, विधिक एवं कर संबंधी परामर्श से संबंध नही हैं । यह केवल प्राइवेट सर्कुलेशन एवं उपयोग के लिए है। यह रिपोर्ट विश्वस्त सूचनाओं पर आधारित है लेकिन यह पूरी तरह सही और पूर्ण है, ऐसा जरूरी नही और इस पर पूरी तरह भरोसा नही किया जाना चाहिए । रिपोर्ट के कन्टेन्ट के आधार पर कोई कार्य नही किया जा सकता है । इस रिपोर्ट को एसएमसी से लिखित आज्ञा के बिना किसी भी रूप में नकल एवं किसी भी अन्य व्यक्ति को पुन: वितरण नही किया जाना चाहिए। इस सामग्री का कन्टेन्ट सामान्य है और यह न तो पूरी तरह से व्यापक है और न विस्तृत है। इस रिपोर्ट के आधार पर उठाये गये किसी कदम से होने वाली क्षति या नुकसान के लिए न तो एसएमसी और न इसका कोई संबंधी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी को उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए । यह कोई व्यक्तिगत अनुमोदन नही करता या किसी खास निवेश उद्देश्य, वितीय स्थिति या किसी व्यक्तिगत ग्राहक या कॉरपोरेट या सत्ता की जरूरतों को लेकर नही चलता है । सभी निवेश जोखिमपूर्ण होते है एवं पिछला प्रदर्शन भविष्य के किसी प्रदर्शन की गारन्टी नही देता है। निवेश की वैल्यू और उससे प्राप्त आमदनी एक निश्चित समय में उपलब्ध कुछ बड़े एवं सूक्ष्म कारकों के बदलाव पर निर्भर कर सकती है। निवेश का निर्णय लेते समय किसी भी व्यक्ति को अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए ।

कृपया ध्यान रखें कि हम या हमारा कोई अधिकारी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी, जो भी इस रिपोर्ट को बनाने या भेजने में शामिल है उसकी (अ)समय-समय पर किसी भी कमोडिटीज में, जिनका इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है, खरीद या बिक्री, कोई भी पोजिशन हो सकती है और वह इस कमोडिटीज को खरीद या बिक्री कर सकता है या (ब) साथ ही साथ वह इन कमोडिटीज के किसी भी प्रकार के सौदों में और ब्रोकरेज या अन्य प्रकार के प्रतिकर में अथवा बाजार निर्माण में शामिल हो सकता है, (स) इस रिपोर्ट में दिए गये सुझावों और संबंधित सूचनाओं एवं विचारों के संदर्भ में इनका अपना कोई भी निहित स्वार्थ या विवाद हो सकता है । सभी विवादों का निपटारा अंतिम रूप से दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीन होगा ।